## संक्षिप्त

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फुलेरा ।** फुलेरा कस्बे के सर्वांगीण विकास के लिए फुलेरा विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, महामंत्री निर्मल शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी सांभरलेक ऋषिराज कपिल को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि राजकीय उपजिला अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने, पालिका कार्यालय में स्थाई रूप से ईओ की नियुक्ति कराने, पेयजल समस्या का निराकरण कराने, जलदाय विभाग कार्यालय में रिक्त चल रहे कनिष्ठ अभियंता के पद को भरने सहित अन्य समस्याओं का समाधान कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधि मंडल में गोविंदसिंह बडगुर्जर, रामजीलाल पापटवान शामिल रहे। विकास समिति अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका में स्थाई रूप से ईओ लंबे समय से नहीं रहने पर रेनवाल के ईओ को अतिरिक्त चार्ज देखना है, जिससे मंडल की साधारण सभा भी नहीं एवं पालिका से संबंधित लोगों के कामकाज भी नहीं हो रहे व विकास कार्य भी बंद पड़े हैं। पालिका में जनहित में ईओ की स्थाई नियुक्ति होनी चाहिए। उपजिला अस्पताल के नवीन भवन को स्वीकृत हुए तीन वर्ष हो गए है, फुलेरा के समीप राजस्व ठााम इटावा मे जमीन चिकित्सालय को नियमानुसार आवंटित करने के साथ हल्का पटवारी द्वारा 24 जून 2025 को अस्पताल प्रशासन को सींमाज्ञान करवाकर भूमि संभला दी गई, निर्माण राशि भी स्वीकृत होने के बाद भी अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू नही हो रहा एवं रोगियों को चिकित्सा के समुचित लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है। समिति ने सांभर रोड पुराना फुलेरा स्थित रोडवेज बस स्टैंड को शीघ्र चालू करवाकर रोडवेज बसों का ठहराव प्रारंभ कराने का आठाह किया है।

### 'अंग्रेजी के दीए में हिंदी का ही तेल है'

**दौसा।** सरस्वती कॉलेज ऑफ़ टीचर ट्रेनिंग दौसा में आज हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. निकिता त्रिवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया। हिंदी भाषा के गौरव पर प्राचार्य डॉ. निकिता त्रिवेदी ने अपने स्वरचित कविता अंठोजी के दीए में हिंदी का ही तेल है.. हिंदी ऐसी भाषा है जिसमें हर भाषा का मेल है, सुनाई। महाविद्यालय के छात्रों ने भी आज हिंदी भाषा के गौरव, श्रेष्ठता पर काव्य पाठ तथा अपने विचार प्रकट किए। अंतरा शर्मा, भूमिका शर्मा और सुरेन्द्र जागिड ने स्वरचित कविता प्रस्तुत कर छात्रों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कोमल महावर ने कबीरदास के रचित दोहे सुनाएं, डीएलएड के छात्र हर्षित शर्मा, काजल, याक्षिका मल्होत्रा, कनिषा शर्मा ने हिंदी भाषा के अस्तित्व से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया।

### जैन मुनि का भ्रमण आज

**देवली ।** शहर में चातुर्मास कर रहे जैन मुनि प्रणीत सागर महाराज और क्षुल्लक विधेय सागर 14 सितंबर को औद्योगिक क्षेत्र देवली का भ्रमण करेंगे। जिसको इंडस्ट्रियल क्षेत्र के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल ने जानकारी में बताया कि मुनि महाराज के स्वागत में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। रीको अध्यक्ष कृष्ण गोयल ने बताया कि जैन मुनि सुबह 8:30 बजे पार्श्वनाथ धर्मशाला से श्रुतशाला के विद्यार्थी और लोगों के साथ रवाना होंगे। औद्योगिक क्षेत्र में जैन मुनि की आहारचर्या और प्रवचन होंगे। उन्होंने बताया कि स्वागत द्वार पर उनका स्वागत किया जाएगा। इस दौरान जैन मुनि को विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया जाएगा और उनका पाद प्रक्षालन भी किया जाएगा।

### मंत्री यादव 14 को रहेंगे बहरोड़

**कोटपुतली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन्य और जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं सांसद अलवर भूपेन्द्र यादव प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार 14 सितम्बर 2025 को संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। यादव प्रात 11.15 बजे जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रिवाली, बहरोड़ पहुंचेंगे एवं दोपहर 12रू45 बजे विजय नगर ( खुंद रोठ), नीमराना एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सेवा, संगठन और संकल्प ही भाजपा की असली पहचान है : गौतम

- भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



भाजपा कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम आदि मौजूद थे।

**दौसा।** भारती जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित सेवा पखवाडा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म प्रचार अभियान के तहत शनिवार को गिरिराज धरण मंदर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा, संगठन और संकल्प ही भाजपा की असली पहचान है। आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जो देश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। कार्यशाला में बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, लालसोट विधायक रामबिलास मीणा, संयोजक टीकम सिंह, डॉ. रतन तिवारी, कन्हैयालाल मीणा, रामकुमार वर्मा, दुर्गा प्रसाद सैनी, सत्यनारायण शाहरा, घनश्याम बालाहेड़ी, पूर्व विधायक शंकर शर्मा इसके साथ ही जिला महामंत्री लाखन सिंह गुर्जर, रवि कुमार पालीवाल, हरकेश जी मटलाना, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र हरियाणा, रवि हाड़ा, जितेंद्र राजपूत, जिला मंत्री सोमेश विजय, ममता सैनी, महावीर रलावता ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता समाज की सेवा को सर्वोपरि मानते हैं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हर कार्यकर्ता को जनता तक पहुंचकर स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश देने चाहिए। साथ ही नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म प्रचार अभियान के माध्यम से व्यापारियों, युवाओं और आम जनता को कर सुधारों की नई व्यवस्था से अवगत कराया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रभावी एवं उत्साहवर्धक शैली में किया गया तथा अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि वे सेवा, संगठन और समर्पण के पथ पर आगे बढ़कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के विज़न को साकार करेंगे। पूर्व शहर अध्यक्ष विपिन जैन, शहर अध्यक्ष भूपेंद्र राजपूत, लवान मण्डल अध्यक्ष मंजू सैनी, जिला महामंत्री लाखन सिंह, रवि पालीवाल, हरकेश मटलाना, जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र शर्मा, रवि हाड़ा, जीतेन्द्र राजपूत, जिला मंत्री सोमेश विजय, मंजू लता जाटव, ममता सैनी, किरण डोरिया, कमलेश शर्मा, जे. पी. जैमन, सेवा पख्वाड़ा जिला सहसंयोजक मिश्री मीणा, दशरथ सिंह, आत्मनिर्भर भारत अभियान जिला सहसंयोजक अमर सिंह खींची, विषमभार बासडा, रामखिलाडी मीणा, जीएसटी अभियान जिला सहसंयोजक रविंद्र शाहरा, राजेंद्र शर्मा, शहर उपाध्यक्ष मंजू साहू, जयनारायण जोधया सहित संकडो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

### 'पिपलोदी की घटना पर राज्य सरकार संवेदनशील'

**जयपुर, ।** राजस्थान के आपदा प्रबंधन राज्यमंत्री एवं झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटा राम देवासी ने कहा है कि पिपलोदी गांव में 25 जुलाई को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और पीड़ित परिवारों को हरसंभव राहत पहुंचाई गई है।

देवासी ने बताया कि घटना में प्रत्येक मृतक विद्यार्थी के परिजन को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। साथ ही, परिजनों को चिकित्सा विभाग में संविदा के माध्यम से रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि 11 गंभीर रूप से घायल विद्यार्थी और परिजनों को 1 लाख 36 हजार रुपये, तथा 10 साधारण घायलों को 75,400 रुपये की सहायता राशि दी गई है।

इसके अलावा सभी पीड़ित परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, कैटल शेड, शिक्षण सामग्री, बैग, ट्रैक सूट और खिलौने भी दिए गए हैं।

# शहर चलो अभियान में शिविर 15 से 2 अक्टूबर तक

- प्रात 9.30 से सायं 6 बजे तक इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा

**कोटपूतली ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'शहरी सेवा शिविर-2025' के अंतर्गत आमजन को सुगम और त्वरित राहत मिल सके, इसलिए नगर परिषद कोटपूतली और बहरोड़ द्वारा वार्डवार राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के निस्तारण हेतु 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि नगर परिषद कोटपुतली द्वारा प्रात 9.30 से सायं 6 बजे तक इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 सितम्बर को वार्ड संख्या 1 से 4 के लिए एमडी नगर गोरखनाथ मंदिर के सामने गोपालपुरा रोड, 16 सितम्बर को वार्ड संख्या 5 से 8 के लिए सेनी सभा टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर, 17 सितम्बर को वार्ड संख्या 9 से 12 तक के लिए मोरिजावाला धर्मशाला में, 18 सितम्बर को वार्ड संख्या 13 से 16 के लिए मोरिजावाला धर्मशाला में, 19 सितम्बर को वार्ड संख्या 17 से 20 में पंचायत समिति भवन में, 20 सितम्बर को वार्ड संख्या 21 से 24 तक नगर परिषद परिसर में, 23 सितंबर को वार्ड संख्या 25 से 28 के लिए नागाजी की गोर फायरस्टेशन, 24 सितंबर को वार्ड संख्या 29 से 32 के लिए डुंगावाले हनुमान मंदिर बड़ाबास, 26 सितंबर को वार्ड संख्या 37 से 40 के लिए डुंगावाले हनुमान मंदिर बड़ाबास, 27 सितंबर को पंचायत गोनेडा, खेड़की मुक्कड़, बनियाला, मोलाहेडा, गोपालपुरा, सांगटेड़ा, रामसिंहपुरा के लिए पंचायत भवन खेड़की बहरोड़, 29 सितंबर को कासली, सरुंड, जगदीशपुरा, कीरतपुरा, नौरंगपुरा के लिए पंचायत भवन सरुंड में, 1 अक्टूबर को पंचायत कल्याणपुराखुर्द, सुन्दरपुरा, अमाई, मोहनपुरा के लिए पंचायत भवन कल्याणपुराखुर्द में, 2 अक्टूबर को बामनवास, नांगल, पंडितपुरा, चतुर्भुज के लिए पंचायत भवन बामनवास में शिविर आयोजित होंगे।

आयुक्त ने बताया कि शिविरों के लिए कार्मिकों को नियुक्त कर दायित्व सौंपे गए हैं एवं उक्त शिविरों के प्रभारी अधिशाषी अभियंता दीपक मीणा रहेंगे।

नगर परिषद बहरोड़ में यहां आयोजित होंगे कैंप - नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद बहरोड़ क्षेत्र में 15 सितम्बर को वार्ड संख्या 1 से 5 के लिए अम्बेडकर भवन में, 16 सितम्बर को वार्ड 6 से 10 के लिए अग्निशमन केंद्र कार्यालय में, 17 सितम्बर को वार्ड 11 से 15 के लिए राजकीय विद्यालय नंबर 1 मैन बाजार में, 18 सितम्बर को वार्ड 16 से 20 के लिए राजकीय विद्यालय नंबर 1 मैन बाजार में, 19 सितम्बर को वार्ड 21 से 25 के लिए नगर परिषद कार्यालय में, 30 सितम्बर को पंचायत कांकरदोपा, देहमी के लिए अटल सेवा केन्द्र कांकरदोपा में एवं 1 अक्टूबर को पंचायत रीवाली एवं मांचल के लिए अटल सेवा केन्द्र मांचल में कैंप आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में ये होंगे काम - आयुक्त ने बताया कि कैम्पों में आमजन की समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त किए जाएंगे ।

### छात्राओं से छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार

**देवली ।** स्थानीय पुलिस ने एक त्वरित कार्रवाई करते हुए राह चलती छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना शनिवार को हुई जब दो नर्सिंग छात्राएं कॉलेज जा रही थी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दूनी निवासी दो छात्राएं जीएनएम नर्सिंग के लिए प्रतिदिन देवली आती हैं। शनिवार को दोनों छात्राएं होटल गोविंदा के पास बस से उतरकर पैदल नर्सिंग कॉलेज जा रही थीं। इसी दौरान एक कार में सवार दो युवक आए और उन्होंने एक छात्रा के साथ छेड़खानी और बदतमीजी की। इसके बाद वे वापस लौटे और छात्रा को पकड़ने का भी प्रयास किया। इस घटना से घबराई छात्राएं रोने लगीं, जिसे देखकर कॉलेज के अन्य छात्र रुक गए। पीड़ित छात्राओं ने पूरी घटना अपने सहपाठियों को बताई, जिन्होंने तुरंत कार का नंबर नोट कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल अब्दुल वहाब और सुरेश कुमार यादव सहित 112 नंबर की पुलिस जीप तत्काल मौके पर पहुंची । पुलिस ने पीड़िताओं से घटना की जानकारी ली और कार के नंबर के आधार पर आरोपियों को तुरंत ट्रेस कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

# मोबाइल छीनने वाले दो युवक गिरफ्तार



देवली निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस ने मोबाइल छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**देवली।** निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस ने शहर के कोटा रोड पर एक राहगीर से मारपीट कर मोबाइल छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद किया है। हनुमान नगर थाना प्रभारी गणेशराम मीणा द्वारा गठित टीम में शामिल एएसआई दुर्गालाल आदि ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शादाब मोहम्मद, थाना हनुमाननगर एवं रवि निवासी पीजेसी एरिया देवली थाना देवली को गिरफ्तार कर लिया।

थाना अधिकारी गणेशाराम मीणा ने बताया कि हेमराज पुत्र रामलाल ऐरवाल निवासी बीड का झोंपड़ा, विजयगढ़ (थाना हिण्डोली, जिला बूंदी) हाल निवासी कोटा रोड हनुमाननगर ने रिपोर्ट दी कि वह 10 सितंबर को रात्रि को घर जा रहा था, इसी दौरान कोटा रोड पर आरोपियों ने मारपीट कर मोबाईल छीन लिया।

# दो सौ आठ प्रकरणों का निबटारा कर दो करोड़ 17 लाख 72 हजार के अवार्ड पारित

- लोक अदालत में दो बैंचो का गठन किया गया। प्रथम बेंच के अध्यक्ष लेखपाल शर्मा एवं दूसरी बेंच के नवीन कुमार झरवाल अध्यक्ष रहे



तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

**राजगढ़ ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें दो बैंचो का गठन किया गया। प्रथम बेंच के अध्यक्ष लेखपाल शर्मा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजगढ़, कल्याण सहाय मीना तहसीलदार राजगढ, सदस्य अधिवक्ता पुनीत कुमार एवं दूसरी बेंच के नवीन कुमार झरवाल अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजगढ, अधिवक्ता सदस्य सुंदर लाल बेरवा रहे। इसमें दीवानी फौजदारी, वैवाहिक एवं मोटर दुर्घटना के 208 प्रकरणों एवं 30 प्रि लिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण कर दो करोड़ 17 लाख 72 हजार के अवार्ड पारित किया। पक्ष कारन को राहत प्रदान की गई। राजस्व न्यायालय के 1624 प्रकरणो का निस्तारण किया गया। राशि लोक अदालत में सफल बनाने में दिनेश सैनी, नारायण सैन, सुमन शर्मा, रतन लाल कोली एवं अभिनंदन शर्मा, बैंकों के अधिकारी अधिवक्ता मनीष गुप्ता एवं कैलाश भारद्वाज व पक्षकार मौजूद रहे।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मुकेश कुमार जोशी पुत्र श्री कन्हैयालाल जोशी, निवासी रावत मोहल्ला, मानपुट दौसा की ओर से सूचित करता हूं कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र महेन्द्र कुमार जोशी व पुत्रवधु भावना व्यास (जोशी) मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। विवाह के पश्चात से ही अलग रह रहे है। इसलिए मेरे अभिभाष्य ने इन दोनो को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार के किसी सदस्य से कोई लेना देना नही है। यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था महेन्द्र कुमार जोशी व भावना व्यास (जोशी) से कोई लेन देन, संव्यवहार करता है, तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा पुत्र पुत्रवधु के मध्य भी कोई विवाद होता है तो मेरे अभिभाष्य का किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नही होगा। भवदीय, (अजय सिंह) एडवोकट
280, सूर्य नगर, गोपालपुरा बाईपास रोड, जयपुर। मो. 9602387625

**आम सूचना** सर्व साधारण सूचित किया जाता हैं कि मेरे अभिभाष्य श्रीमान ताराचंद वर्मा पुत्र श्री हनुमान सहाय, निवासी प्लॉट नंबर 12, नई वाली रोड, संस्कृत विद्यालय के पास, हाथोज, झोटवाड़ा, जयपुर के रहने वाले हैं, उक्त संपत्ति प्लॉट नंबर 12ए, की भूमि मूल रूप से मेरे अभिभाष्य की माता श्रीमती सोहनी देवी धर्मपत्नी श्री हनुमान सहाय को ओम शिव गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर द्वारा आवंटन पत्र दिनांक 30.10.1996 को आवंटित की गई थी, तत्पश्चात सोहनी देवी का दिनांक 24.02.2019 को स्वर्गवास हो गया श्रीमती सोहनी देवी के देहांत के पश्चात उनके पति हनुमान सहाय वर्मा, दो पुत्रियां रीना वर्मा एवं ममता वर्मा एवं उनके पुत्र ताराचंद वर्मा उनके वैध उत्तराधिकारी हुए। तत्पश्चात हनुमान सहाय वर्मा, रीना वर्मा एवं ममता वर्मा ने अपने-अपने हिस्से का त्याग अपने पुत्र एवं भ्राता मेरे अभिभाष्य अर्थात तारा चंद वर्मा के हक में कर दिया। उक्त हकत्याग पत्र को दिनांक 17.10.2023 को उपपंजीयक कार्यालय जयपुर तृतीय में पंजीकृत किया गया। अब मेरे अभिभाष्य अर्थात तारा चंद वर्मा वित्तीय संस्था Hinduja Housing Finance Limited में गृह ऋण प्राप्ति के लिए आवेदन किया है, यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त संपत्ति अर्थात प्लॉट नंबर 12ए श्याम वाटिका, हाथोज, कालवाड रोड, जयपुर के संबंध में किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, हित या आपत्ति हो तो वह सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर संबंधित दस्तावेजों के साथ आपत्ति पत्र के साथ सूचित करें और उसके पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।
Sonali Ghosh
NORTH EYE ADVISOERS PVT.LTD.
(Authorized Signatory)
Office No. 316, 3rd Floor, Orbit Mall, Civil Lines, Jaipur
Email: NCR@NorthEye.co.in, Mob.: 9205844680

**आम सूचना** रामनारायण यादव पुत्र श्री प्रभू यादव, निवासी-3, गोविन्दपुरा, हाथोज, कालवाड, जयपुर (राजस्थान) ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना श्याम नगर-द्वितीय स्थित सूण्डा की ढाणी, जयपुर में स्थित दो भूखण्ड संख्या-130, एवं भूखण्ड संख्या-140 के डुप्लीकेट दस्तावेज हेतु आवेदन किया, साथ ही भूखण्ड के खरीद सम्बन्धि दस्तावेजात मूल दस्तावेजात की फोटो प्रतियाँ, शपथ पत्र, बन्ध पत्र व पुलिस रपट समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये गये तथा उक्त भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेजात हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त दोनों भूखण्डों के डुप्लीकेट दस्तावेजात के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में सम्पर्क करें। अन्यथा समिति द्वारा उक्त दोनों भूखण्डों के डुप्लीकेट दस्तावेज जारी कर दिये जायेंगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल न्यायालय, स्थान नादौती
गिन्दौड़ी विरूद्ध केदार
वाद बाबत् दावा, वाद सं. 01 सन् 2024
बनाम पुत्र जोहरया पुत्र श्योनारायण जाति माली स्थान 46बी, परशुराम पुरी, जल महल, कागदीवाड़ा, जयपुर वादी ने आपके विरूद्ध निरस्ती विक्रय पत्र के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 15 माह 09 सन् 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल सुजवाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिवादे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपवाद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद तारीख 11 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से - रीडर, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नादौती, जिला-करौली ( राज. )

**खोया पाया**

प्लाट नं. 498, (गोपालपुरा) सांगानेर मनु सक्सैना ने हनुमान सहाय चौधरी के पक्ष में निष्पादित मूल मुख्त्यारनामा आम कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। 8302810523

मेरे भूखण्ड संख्या ई-16, अभिनव विहार विस्तार योजना का मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए है मिलने पर सम्पर्क करें। मनीष गर्ग फोन नंबर-9828150808

मेरे भूखण्ड संख्या के-69, अभिनव विहार विस्तार योजना का मूल आवंटन पत्र कब्जा पत्र कहीं गुम हो गए है मिलने पर सम्पर्क करें हंसराज गुर्जर फोन नंबर-7891290718

मेरा मकान संख्या 114/316 सेक्टर 11, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का ओरिजन डिमाण्ड एवं राजस्थान आवासन मण्डल, नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र, कन्वेंस व परपीच्युअल लीज डीड एवं समस्त मूल दस्तावेज मुझसे कहीं गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें पूनम लालवानी मो.नं. 9116357470

**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी नं. 15719463H रैंक L/NK आशीष कुमार निवासी गांव करीमाटी, जिला हजारीबाग, झारखण्ड ने अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी माताजी का नाम टुकानी देवी से बदलकर रख टुकनी देवी व जन्मतिथि 12.06.1950 से बदलकर 01.01.1958 कर लिया है।

I army no 2689996Ex NK Vijendra Singh R/o Plot no. B-8, Jagdamba Nagar Rawan gate kalwar road jhotwara jaipur that i want change name my mother which is wrongly entered my service record from SAGAR DEVI to SARBATI vide affidavit dated 4.9.25 before district sub majistrate Jaipur city south

My correct name is Sushila Choudhary W/o Sandeep kumar instead of Susheela Choudhary W/o Sandeep kumar. In future may be known as Sushila Choudhary for all purpose. Address Hameerwas Chota, Teh. Rajgarh, Dist. Churu, Rajasthan.

राजस्थान सरकार
**कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर (राज.)**
क्रमांक-प.5लेखा() ()/निविदा/2025/402 दिनांक-10 सितम्बर 2025
**खुली निविदा सूचना क्रमांक-02**
कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा दिनांक 19.09.2025 से 21.09.2025 तक आयोजित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा में विडीयोग्राफी कार्य हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसरण में वर्ष 2025-26 हेतु कार्यालय जिला कलेक्टर भरतपुर में संबंधित कार्य हेतु इच्छुक संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म से सिंगल स्टेर द्विलिफाफा पद्धती से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, इच्छुक निविदाता अमानत राशि/निविदा शुल्क कार्यालय में दिनांक 15.09.2025 दोपहर 02 बजे तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करें उक्त निविदा उपापन समिति के समक्ष दिनांक 15.09.2025 दोपहर 03 बजे खोली जायेगी जिसका विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्र.सं. | कार्य/संकर्म का नाम | अनुमानित राशि |
|---|---|---|
| 01 | विडियोग्राफी कार्य हेतु | 5 लाख |

उक्त निविदा प्रपत्र SPPP पोर्टल से डाउनलोड कर अवलाकन किये जा सकते है, तथा उक्त निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में कैशियर कलक्ट्रेट को निविदा शुल्क जमा करा लेखा अनुभाग कलक्ट्रेट भरतपुर से क्रय किये जा सकते है। उक्त निविदाएं निविदा जारी किये जाने की दिनांक से 15.09.2025 को दोपहर 01 बजे तक विक्रय की जावेगी। प्रत्येक निविदा फार्म का मूल्य 500 रूपये निर्धारित किया गया है।
यूबीएन नंबर- CBH2526A0004
एनआईबी नंबर- CBH2526WSRC00014
(कमर उल जमान चौधरी)
जिला कलक्टर, भरतपुर

**कार्यालय नगर पालिका, किशनगढ़ बास (खैरथल-तिजारा) राज.**



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वायत्त शासन विभाग
शहरी सेवा शिविर 2025
सेवा पखवाड़ा
15 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान

अभियान के अंतर्गत किये जाने वाले कार्य

- शहर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई।
- सीसी/डामर सड़क मरम्मत व पेच वर्क के कार्य।
- शहरी निकायों में स्ट्रीट लाईटों को दुरस्त किया जावेगा, अन्धेरी/सुनसान सड़कों पर स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया जायेगा।
- प्रमुख चौराहों, डिवाइडरों, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का रख-रखाव।
- यू.डी. टैक्स जमा करवाने का कार्य।
- लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी किये जायेंगे।
- नालियों की मरम्मत, फेरोकवर व मैन हॉल्स की मरम्मत, सीयर लाईन के लिकेज की मरम्मत।
- जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन/फायर एन.ओ.सी./ट्रेड लाईसेंस/साइनेज लाईसेंस/सीवर कनेक्शन/ओ.एफ.सी. मोबाईल टावर एन.ओ.सी./ई.डब्लयू.एस. प्रमाण पत्र आदि जारी करना।
- अनुमोदित योजनाओं के पट्टे/69-ए, 54 ई, 50-बी, 60-सी के अंतर्गत पट्टे/उपविभाजन पुर्नगठन/भू-उपयोग परिवर्तन/नामान्तरण/खांचा भूमि/लीज मुक्ति प्रमाण पत्र/भवन निर्माण स्वीकृति आदि प्रकरणों का निस्तारण।
- विभिन्न विभागों की फ्लैगशिप जनर्दित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर, स्वीकृति जारी की जावेगी।
- विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं अन्य सार्वजनिक भवनों की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण।
- अटल पेंशन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त कर आम जनता को लाभांवित किया जायेगा।
- पीएम और सीएम स्वधिनिध योजना के लक्ष्य अनुरूप नए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे एवं लम्बित आवेदन प्रकरणों को ऋण वितरण किया जाएगा।

शिविर का समय- प्रात 9.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक

| क्र.सं. | वार्ड नम्बर | दिनांक | शिविर स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 2,4,25 | 17.09.2025 व 18.09.2025 | पुराना पंचायत भवन (अन्नपूर्णा रसोई) बास कृपाल नगर |
| 2 | 3,5 व ग्राम कुलतापुर | 19.09.2025 व 20.09.2025 | पुराना पंचायत भवन बास कृपाल नगर |
| 3 | 1,6,7 | 23.09.2025 व 24.09.2025 | नाहर सिंह की धर्मशाला खैरथल रोड किशनगढबास |
| 4 | 8,9,10 | 25.09.2025 से 27.09.2025 | संत कंवर हरि मंदिर मैन मार्केट कि.बास |
| 5 | 11,12,13 | 29.09.2025 से 01.10.2025 | संत कंवर हरि मंदिर मैन मार्केट कि.बास |
| 6 | 20,21,22 | 03.10.2025 व 04.10.2025 | अम्बेडकर भवन भूरपहाडी किशनगढबास |
| 7 | 23,24 | 06.10.2025 व 07.10.2025 | गरीबनाथ मंदिर किशनगढबास |
| 8 | 14,15 | 08.10.2025 व 09.10.2025 | कार्यालय नगरपालिका किशनगढबास |
| 9 | 16,17,18 | 10.10.2025 व 13.10.2025 | फायर स्टेशन नगरपालिका किशनगढबास |
| 10 | 19 व ग्राम तहनौली | 14.10.2025 व 15.10.2025 | कार्यालय नगरपालिका किशनगढबास |
| 11 | 01 से 25 फॉलोअप शिवर | 16.10.2025 व 17.10.2025 | कार्यालय नगर पालिका किशनगढबास |

अध्यक्ष
नगरपालिका किशनगढबास

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका किशनगढबास